प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार
दिनांक : 30/03/2026 समय :2.10पीएम

एमएसएमई– मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 'सिंगल क्लिक' के माध्यम से 169 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि का अंतरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में छोटे से लेकर बड़े, सभी उद्यमियों को समान अवसर मिल रहे हैं। बेहतर नीतियों और संसाधनों के माध्यम से निवेश में वृद्धि के साथ अब प्रदेश में सबसे तेज गति से विकास हो रहा है।

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

इस अवसर पर 'मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना' के हितग्राहियों को ऋण राशि के चैक सौंपने के साथ ही उद्यमियों को औद्योगिक भूमि आबंटन पत्र भी वितरित किए गए।

सम्मेलन

प्रदेश विधानसभा में आज से तीन राज्यों के युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने हर दौर में अपनी शक्ति और सामर्थ्य का परिचय दिया है। आज हमारा देश विश्व की महाशक्तियों में शामिल है और हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था से दुनिया के अनेक देश सीख ले रहे हैं। सम्मेलन में भाग लेने वाले 45 वर्ष से कम उम्र वाले विधायकों में मध्य प्रदेश से 37, राजस्थान से 13 और छत्तीसगढ़ से 13 विधायक शामिल हैं। दो दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में कुल पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन आज तीन सत्र होंगे, जिनमें लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने में युवा विधायकों की भूमिका जैसे अहम विषयों पर चर्चा की जाएगी।

'एक जिला–एक उत्पाद'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल उत्तरप्रदेश के वाराणसी में आयोजित होने सम्मेलन में मध्यप्रदेश के 'एक जिला–एक उत्पाद' मॉडल को साझा करेंगे। प्रदेश के 50 से अधिक जिलों के विविध उत्पादों को इस

योजना के जरिए वैश्विक बाजार से जोड़ा गया है। ब्रांडिंग, पैकेजिंग और जीआई टैगिंग के मजबूत इकोसिस्टम के चलते मध्यप्रदेश के इस मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

''महावीर जयंती'

जैन धर्म के चौबीसवें और अंतिम तीर्थंकर, भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव 'महावीर जयंती' पूरे प्रदेश में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और 'जियो और जीने दो' का शाश्वत संदेश देने वाले भगवान महावीर का जन्मोत्सव समाज को शांति और सद्भाव की राह दिखाता है।

मौसम

प्रदेश में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के साथ पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन सक्रिय होने से पिछले 24 घंटों के दौरान ग्वालियर सहित कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 से 5 दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी, बारिश और बादलों का दौर जारी रहेगा। अगले 24 घंटों में ग्वालियर–चंबल संभाग के भिंड और दतिया जिलों में ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। वहीं भोपाल, जबलपुर और अन्य कई जिलों में मौसम खराब रह सकता है।

समाचार संक्षेप में :–

- शिवपुरी जिले में शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ को लेकर आयोजित बैठक में प्रवेशोत्सव को लेकर स्कूलों में विशेष तैयारियां करने के निर्देश दिये गये।
- भोपाल के तुलसी मानस प्रतिष्ठान में कल से 2 अप्रैल 2026 तक श्री हनुमान जयंती महोत्सव पर श्रीहनुमत कथा का आयोजन किया जा रहा है।
- खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में म.प्र. NGO पब्लिक फोरम का वार्षिक अधिवेशन, शपथ एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ।
- मंडला जिले के ग्राम उमरिया के पास आज एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर और यात्री बस की आमने–सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में बस में सवार 24 से अधिक यात्रियों के घायल होने के समाचार मिले है।
- जिला प्रशासन डिण्डोरी द्वारा कल कलेक्ट्रेट परिसर में "खतरा सूचना खोज एवं बचाव प्रशिक्षण" का आयोजन किया गया।
- आईपीएल क्रिकेट में आज शाम साढे सात बजे गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

————————